सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-180**

12/04/2018

मुख्यमंत्री ने श्रीमती राबड़ी देवी के पत्र पर लिया संज्ञान, 10 सर्कुलर रोड की पूर्व की सुरक्षा व्यवस्था को बहाल करने का दिया निर्देश

पटना, 12 अप्रैल 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को पटना पहुॅचते ही पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी के पत्र से अवगत कराया गया। पत्र पर संज्ञान लेते हुये मुख्यमंत्री ने गृह विभाग से पूरी स्थिति की जानकारी मॉगी है कि कब, क्यों और किस स्तर पर दो पूर्व मुख्यमंत्रियों को जीवन पर्यन्त आवंटित सरकारी आवास 10 सर्कुलर रोड की सुरक्षा व्यवस्था में परिवर्तन का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने पूर्व की सुरक्षा व्यवस्था को बहाल करने का निर्देश दिया है और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में पूरी स्थिति पर जानकारी मॉगी है।

******